
# थार रेगिस्तान

**[स्रोत: डाउन टू अर्थ]**

एक नए अध्ययन के अनुसार, **भारत में** **थार रेगिस्तान** में पिछले दो दशकों में महत्त्वपूर्ण **मानसूनी वर्षा** और कृषि विस्तार के कारण **हरियाली (Greening) में 38% की वार्षिक वृद्धि** हुई है।

- **थार रेगिस्तान (द ग्रेट इंडियन डेजर्ट) की अवस्थिति:** यह भारतीय उपमहाद्वीप पर रेत की पहाड़ियों (Sand Hills) का एक शुष्क क्षेत्र है। यह **उत्तर-पश्चिमी भारत** (राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा) और **दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान** (सिंधि और पंजाब प्रांत) में 200,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।
- **भूगोल और जलवायु: इसकी सीमा पश्चिम में** सिंधु नदी **के मैदान, उत्तर और उत्तर-पूर्व में पंजाब के मैदान, दक्षिण-पूर्व में** अरावली पर्वतमाला **और दक्षिण में** कच्छ के रण **से लगती है।**
  - इस रेगिस्तान में **उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तानी जलवायु** पाई जाती है, जिसमें लगातार उच्च दबाव और अवतलन की स्थिति बनी रहती है।
- **मृदा संरचना:** रेगिस्तान की मृदा में रेगिस्तानी, लाल रेगिस्तानी, सिरोज़ेम, **लाल और पीली**, लवणीय, लिथोसोल और रेगोसोल शामिल हैं।
  - ये मृदा **मोटे बनावट वाली, अच्छी जल निकासी वाली, तथा कैल्शियम युक्त** होती है, जो विशिष्ट वनस्पति और कृषि के लिये सहायक होती है।
- **जैवविविधता:** यह अपेक्षाकृत समृद्ध जैवविविधता को बढ़ावा देता है, जिसमें **ब्लू बुल (नीलगाय)**, **ब्लैकबक**, **ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB)** और **इंडियन गज़ेला (चिंकारा)** शामिल हैं।
- **भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यानों** में से एक, **डेजर्ट नेशनल पार्क** **(राजस्थान)** यहीं स्थित है।
- **खनिज संसाधन:** यह रेगिस्तान में **विश्व के सबसे बड़े लिग्नाइट** **कोयला भंडारों** में से एक है।
- यह **जिप्सम** और नमक (लवणीय झीलों- **सांभर** और **कुचामन** के साथ) से समृद्ध है।




**और पढ़ें:** [थार रेगिस्तान]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thar-desert-1